दुर्घटना | कूड़न पेट्रोल पंप के सामने हुआ दर्दनाक हादसा

कार ने स्कूटी को कुचला, दो युवकों की मौत

नवभारत, जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे कूड़न पेट्रोल पंप के सामने एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार दो युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम खैरी निवासी बीरू उर्फ वीरेन्द्र भूमिया और नरेश भूमिया अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेड जी 3059 पर सवार होकर तेवर स्थित त्रिपुर सुन्दरी मंदिर गए थे। वे वहां टेंट का सामान छोड़ने गए थे। रात करीब 10 बजे जब वे काम निपटाकर वापस घर लौट रहे थे, तभी हाईवे पर कूड़न पेट्रोल पंप के सामने मौत बनकर आ रही कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार क्रमांक एमपी 13 एके 8883 का चालक बेहद तेज गति और खतरनाक तरीके से वाहन चला रहा था। पेट्रोल पंप के सामने कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे की खबर मिलते ही रोते-बिलखते परिजन और भेड़ाघाट पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटना स्थल पर वीरेन्द्र भूमिया के सिर से अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं, नरेश भूमिया सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण लहूलुहान हालत में बेहोश पड़ा था। पुलिस और परिजनों ने आनन-फानन में नरेश को इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे भी मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक अपनी गाड़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मासूमों के सिर से उठा साया

मृतक वीरेंद्र और नरेश दोनों शादीशुदा थे और दोनों के दो-दो बच्चे हैं। इस हादसे ने एक झटके में दो पत्नियों का सुहाग छीन लिया और चार मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए हटा दिया है।

बस 10 मिनट में सीधे घर पहुंच रहा हूं

वीरेंद्र और नरेश दोनों थे। देर रात जब वे वापस लौट रहे थे, तब वीरेंद्र ने पिता से फोन पर बात की आश्वस्त किया था कि वह कहीं और नहीं रुकेंगे, कहां था कि बस 10 मिनट में सीधे घर पहुँच रहा हूँ। किसे पता था कि जो बेटा सीधे घर आने का वादा कर रहा था, उसकी साँसें रास्ते में ही थम जाएँगी। फोन कटने के कुछ ही पलों बाद एक तेज रफ्तार ने दो जिंदगियां छीन ली। पिता की आँखों के आँसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। वह बार-बार अपने फोन की स्क्रीन देख रहे हैं, जहाँ ठीक हादसे से 10 मिनट पहले उनके बेटे वीरेंद्र का नाम चमका था। वह आवाज अब हमेशा के लिए खामोश हो गई है, लेकिन पिता के कानों में आज भी वही आखिरी शब्द गूँज रहे हैं बस 10 मिनट में घर आ रहा हूँ।

सफाई करने कमरे में पहुंची पत्नी तो फांसी पर झूलता मिला पति

नवभारत, जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत शारदानगर में कमरे की साफ सफाई करने पत्नी पहुंची तो पति फांसी के फंदे पर झूलता मिला। मृतक ने यह आत्महत्याती कदम किन परिस्थितियों में उठाया है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि गुरूवार सुबह कृष्णकुमार हैडाऊ 24 वर्ष निवासी शारदानगर माढ़ोताल ने सूचना दी कि बीति रात लगभग 11 बजे काम करके घर आया था उसके घर आने के पहले उसके पिता कोमलचंद खाना खाकर पहली मंजिल पर कमरे में जाकर सो गये थे मां ने उसे खाना दिया खाना खाकर वह उसकी मां नीचे ही कमरे में सो गये सुबह मां उठी और साफ सफाई करने पापा के कमरे में उपर मंजिल में गयी दरवाजा खुला था अंदर जाकर देखी लोहे के पाईप में रस्सी से फांसी लगाकर लटके थे मम्मी ने चिल्लाई तो वह उपर जाकर देखा उसके पिता कोमलचंद हैडाऊ 60 वर्ष फांसी पर लटके थे जिनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

व्यभिचार विवाद में डीएनए जांच को हाईकोर्ट की मंजूरी

हाईकोर्ट ने कहा - आरोपों की जांच के लिए डीएनए टेस्ट जरूरी, पत्नी की आपत्ति निरस्त

जबलपुर। मध्य प्रदेश सहित देश भर की अदालतें वैवाहिक विवादों में अक्सर बच्चें की वैधता और उसकी गरिमा को सर्वोच्च मानती हैं, लेकिन मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि जब विवाद का मूल प्रश्न पत्नी पर लगाए गए व्यभिचार के आरोपों की सत्यता हो, तब न्यायालय सत्य की खोज से आंखें नहीं मूंद सकता। इसी सिद्धांत के आधार पर हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने पति और बच्ची के डीएनए परीक्षण संबंधी फैमिली कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि पति बच्चे के भरण-पोषण अथवा जिम्मेदारियों से बचने के लिए पितृत्व पर सवाल नहीं उठा रहा, बल्कि वह अपने वैवाहिक संबंधों में कथित विश्वासघात के आरोप को साबित करने का अवसर मांग रहा है। ऐसी स्थिति में डीएनए परीक्षण न्यायिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण साधन बन जाता है।

हाईकोर्ट कर्मचारियों के वेतनमान विवाद में राज्य शासन को अंतरिम राहत

मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया की अध्यक्षता वाली युगलपीठ से तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उच्च वेतनमान का लाभ दिए जाने से जुड़े बहुचर्चित अवमानना प्रकरण में राज्य सरकार को अंतरिम राहत मिली है। कोर्ट ने राज्य शासन की अपील पर सुनवाई करते हुए मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश से फिलहाल छूट प्रदान कर दी। दरअसल, यह मामला हाई कोर्ट कर्मचारियों को उच्च वेतनमान का लाभ दिए जाने संबंधी उस विवाद से जुड़ा है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2016 में दायर याचिका से हुई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि वेतनमान संबंधी प्रस्ताव राज्य सरकार के समक्ष वर्षों से लंबित हैए जिसके कारण कर्मचारियों को वैधानिक लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर हाईकोर्ट ने 28 अप्रैल 2017 को राज्य शासन को चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए थे।

सरिया सप्लाई के नाम पर 3 .42 लाख की ठगी

फर्जी डीलर बनकर कारोबारी को फंसाया एफआईआर दर्ज

नवभारत, जबलपुर। रांझी निवासी एक व्यवसायी से जी.के. टीएमटी बार (सरिया) की डीलरशिप के नाम पर फर्जी डीलर ने 3 लाख 42 हजार 100 रुपये की धोखाधड़ी कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रावण पार्क के पास, रांझी निवासी सूरज कुमार यादव 59 वर्षीय एम एस रविन्द्र इलेक्ट्रिकल्स फर्म के प्रोपराइटर हैं। उनकी फर्म ने जी.के. सेल्स कॉर्पोरेशन के संचालक पवन कुमार से जी.के. टीएमटी बार खरीदने का सौदा किया था। आरोपी पवन कुमार ने उन्हें बैंक ऑफ इंडिया, रायपुरा शाखा का एक खाता विवरण भेजा, जो जी.के. सेल्स कॉर्पोरेशन के नाम पर दर्ज था। परचेस ऑर्डर की शर्तों के मुताबिक, कुल राशि का 50 प्रतिशत एडवांस और बाकी 50 प्रतिशत माल की अनलोडिंग के बाद देना तय हुआ था। पीड़ित ने भरोसा करके 12 जून को ही 3,42,100 आरटीजीएस के जरिए आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। रकम खाते में आते ही आरोपी पवन कुमार के तेवर बदल गए। उसने माल की डिलीवरी देने के बजाय पीड़ित पर बकाया 50 फीसदी रकम तुरंत भेजने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब पीड़ित को धोखाधड़ी की आशंका हुई, तो उन्होंने सीधे जी.के. टीएमटी कंपनी के मुख्य कार्यालय और अधिकृत प्रतिनिधियों से संपर्क किया। वहां से पता चला कि पवन कुमार नाम का कोई भी व्यक्ति उनका अधिकृत डीलर या विक्रेता नहीं है। इसके तुरंत बाद आरोपी ने अपने सभी मोबाइल नंबर बंद कर लिए। फर्जी वेंडर बनकर आर्थिक चपत लगाने के इस मामले में पुलिस ने आरोपी पवन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

लुटेरों ने सोने की झुमकी झपटी, महिला हुई घायल

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर कमानिया गेट के पास बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने चलती गाड़ी से एक महिला के कान पर झपट्टा मारकर सोने की झुमकी छीन ली। इस दौरान महिला का दाहिना कान बीच से फट गया और वह लहूलुहान हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, संजय नगर गणेश चौक, अधारताल निवासी आरती रजक 28 वर्षीय अपने पति शैलेंद्र रजक के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गौरा हरदुआ गई थीं। वे वहां एक पारिवारिक बरसी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दोनों वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही दंपती की मोटरसाइकिल महाराजपुर कमानिया गेट के पास पहुंची, तभी पीछे से एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पर दो अज्ञात लड़के आए। बदमाशों ने अपनी गाड़ी आरती की मोटरसाइकिल के बिल्कुल नजदीक सटा दी। इससे पहले कि दंपती कुछ समझ पाते, पीछे बैठे बदमाश ने बलपूर्वक आरती के कान में पहनी सोने की झुमकी पर हाथ मारा। बदमाश इतनी तेजी से झुमकी खींचकर भागे कि आरती का दाहिना कान बुरी तरह फट गया। पीड़िता दर्द से चीख उठी और मौके पर ही खून बहने लगा। छीनी गई सोने की झुमकी की अनुमानित कीमत करीब 35 हजार रुपये बताई जा रही है। वारदात को अंजाम देकर आरोपी पलक झपकते ही कमानिया गेट की तरफ फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि हुलिए के आधार पर लुटेरों को जल्द से जल्द दबोचा जा सके।

नागरिकों को सुरक्षा, बदमाशों को कार्यवाही की चेतावनी देने फ्लैग मार्च

नवभारत, जबलपुर। नागरिकों को सुरक्षा महसूस कराने के साथ गुंडे, बदमाशों को कार्रवाई की चेतावनी देने संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। दरअसल मोहर्रम पर्व के मद्देनजर त्योहार को शांति पूर्वक सौहद्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष जाखड़ की उपस्थिति में ओमती, बेलबाग, कोतवाली, हनुमानताल, गोहलपुर, के संवेदनशील थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च पुलिस कन्ट्रोलरूम से प्रारम्भ होकर घंटाघर, बडी ओमती चौक, छोटी ओमती, बेलबाग तिराहा, लकडगंज, फूटाताल, सराफा चौक, कोतवाली थाने के सामने से राजा रसगुल्ला, मिलौनीगंज, मछली मार्केट, बूढी खेरमाई, चारखम्बा, बहोराबाग, रद्दी चौक से गोहलपुर तिराहे पर समाप्त हुआ। एसपी सम्पत उपाध्याय ने कहा कि निकाले गये फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस करें तथा मोहर्रम पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना है। तत्वों एवं गुण्डे बदमाशों के द्वारा यदि किसी भी प्रकार की कोई अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया गया तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जायेगी, किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा। फ्लैग मार्च में सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया, कोतवाली सीएएसपी रीतेश कुमार शिव, ओमती थाना प्रभारी समेत बेलबाग टीआई जितेन्द्र पाटकर, लार्डगंज टीआई नवल आर्य, हनुमानताल टीआई सुभाष चंद बघेल, गोहलपुर टीआई रीतेश कुमार पाण्डेय, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, पुलिस लाईन के जिला बल एवं विशेष सशस्त्र बल, आरएएफ के अधिकारी, कर्मचारी सहित उपस्थित थे ।

युवक को बदनाम करने एफबी में आपत्तिजनक पोस्ट

नवभारत, जबलपुर। शहपुरा थाना अंतर्गत टिपरा निवासी युवक को बदनाम करने फेसबुक में आपत्तिजक पोस्ट की जा रही है जिसको लेकर पीड़ित ने सायबर सेल में शिकायत करते हुए आईडी धारक पर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार रूपेश पटेल पिता सुर्दशन पटेल 33 वर्ष निवासी टिपरा शहपुरा ने शिकायत में बताया कि विगत एक सप्ताह से एक अज्ञात व्यक्ति फेस बुक पर उसके खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट कर रहा हैं, उक्त आइडी रीतेश राय नाम से बनी है। जबकि वे रीतेश राय नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानता है। रीतेश राय लगातार आपत्तिजनक पोस्ट कर उसकी छावी को धूमिल कर रहा है । उक्त आईडी धारक रीतेश राय की फेसबुक आईडी की जांच कर ब्लाक कर कर कार्यवाही की जाएं। सायबर पुलिस ने शिकायत दर्ज करते हुये जांच शुरू कर दी है। साथ ही इसका भी पता लगाया जा रहा है कि आईडी संचालक कौन है और कहां का रहने वाला है। विस्तर जांच के बाद मामले में आगे की कार्यवाही होगी।

नाबालिग बहनों की पिटाई, वीडियो वायरल

नवभार, जबलपुर। ग्वारीघाट में दो नाबालिग बहनों की सहेलियों ने पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर महिला समेत चार किशोरियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

टीआई कन्हैया बघेल ने बताया कि दो नाबालिग बहनें अपने चार सहेलियों के साथ ग्वारीघाट पहुंची थी। जिसमें एक महिला भी शामिल थी। पांचों एक खंडहरनुमा मकान के समीप मोबाइल से रील बना रही थी । इसी दौरान उनके बीच में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। उनके बीच में तीखी बहस शुरू हो गई इसके बाद नाबालिग बहनों के साथ मारपीट की गई। पूरी घटना का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में वायरल किया गया । पुलिस ने महिला समेत अन्य तीन किशोरियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

सरकारी बोरिंग के बिजली बोर्ड में तोड़फोड़, विरोध करने पर धमकी

नवभारत, जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत झंडा चौक के पास सरकारी बोरिंग के बिजली बोर्ड में देर रात बदमाशों ने तोड़फोड़ कर दी बल्कि विरोध करने पर युवक को जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुरानी बस्ती झंडा चौक रांझी निवासी नंदू चौधरी 40 वर्षीय इलेक्ट्रॉनिक्स का काम करता हैं। बीती रात करीब 11 बजे, नेमचंद पान भंडार के पास लगी सरकारी बोरिंग मशीन के बिजली बोर्ड को क्षेत्र के ही शुभम ठाकुर, लखन यादव और कटोरी बाई मिलकर तोड़ रहे थे। शासकीय संपत्ति को नुकसान होता देख जब नंदू चौधरी और मोहल्ले के अन्य नागरिकों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपी भड़क गए। आरोपी शुभम ठाकुर और लखन यादव ने नंदू के साथ सरेराह विवाद शुरू कर दिया। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों द्वारा की गई इस तोड़फोड़ से शासन को नुकसान हुआ है। पुलिस ने शुभम, लखन और कटोरी बाई के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शराब दुकानों के पास गंदगी फैलाने वालों पर लगाया स्पॉट फाइन

नवभारत, जबलपुर। शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम की टीम ने गुरुवार को संयुक्त कार्रवाई की। संभाग क्रमांक 14 विजय नगर एवं संभाग क्रमांक 6 क्षेत्रीय बस स्टैंड के अंतर्गत आने वाले प्रमुख क्षेत्रों बलदेवबाग, दमोहनाका और चंडाल भाटा में संचालित देशी व अंग्रेजी शराब दुकानों के आस-पास सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शराब दुकानों के पास भारी मात्रा में कचरा और गंदगी पाए जाने पर नगर निगम ने जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करते हुए 10 हजार रूपये का स्पॉट फाइन किया गया। कार्यवाही के समय सी.एस.आई. संभाग 14 एवं संभाग 06, एस.आई. संभाग 06, वार्ड सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

नागालैंड में दंपत्ति, घर में हुई चोरी

नवभारत, जबलपुर । रांझी थाना अंतर्गत इंद्रानगर में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब दंपती नागालेंड गए हुए है। पुलिस ने रिपोर्ट पर गुरूवार को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । पुलिस के मुताबिक गुरूवार दोपहर लारेन्स डेविड 41 वर्ष निवासी कजरवारा की बहन लीना इंद्रानगर रांझी में रहती है जीजा की नागालेंड पोस्टिंग होने से 2 माह पहले अपने पति के पास नागालेंड गयीं थीं बहन के घर में कोई नहीं था। बुधवार एवं गुरूवार की दरम्यिानी रात्रि 12 बजे लीना के पड़ोसी पप्पू वर्मा ने लारेन्स को फोन करके बताया कि आपकी बहन के घर का ताला टूटा हुआ है, वह बहन के घर रांझी आकर देखा घर का ताला टूटा हुआ था घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था आलमारी का लॉक टूटा हुआ था कोई अज्ञात चोर घर में घुसकर चोरी किया है। पड़ोसी के घर लगे सीसीटीव्ही चैक करने पर अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर बाउण्ड्री से जाते दिख दे रहा है। चोरी गये सामान के बारे में बहन के आने पर पता चलेगा।

ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने खाया जहर

नवभारत, जबलपुर। खितौला थाना अंतर्गत ग्राम अमगवां में एक नवविवाहिता ने ससुराल वालों की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर खेत में डालने वाली जहरीली दवा का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में महिला को सिहोरा के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम भीटा खुर्द थाना सिहोरा निवासी हेमंत पटेल (27) ने खितौला थाने में शिकायत दर्ज कि उसकी 26 वर्षीय बहन हेमलता पटेल का विवाह अमगवां निवासी अजीत पटेल से हुआ था। हेमलता ने उसे फोन पर बताया कि उसने जहरीली दवा खा ली है। खबर मिलते ही भाई हेमंत और पिता चंद्रिका पटेल आनन-फानन में अमगवां पहुंचे और तड़प रही हेमलता को तुरंत शासकीय अस्पताल सिहोरा में भर्ती कराया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद खितौला पुलिस मौके पर पहुंची। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिहोरा को बुलाया गया और उनके समक्ष पीड़िता के मृत्युकालीन कथन दर्ज कराए गए। हेमलता ने अपने बयान में ससुराल वालों के क्रूर चेहरे को उजागर करते हुए बताया कि उसका पति अजीत पटेल, देवर सुजीत पटेल, सास सुषमा बाई और ससुर लक्ष्मण पटेल दहेज के लिए विवाद कर रहे थे। चारों ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और उसे इस कदर मानसिक रूप से तोड़ा कि उसने आत्मघाती कदम उठाते हुए खेत में छिड़कने वाली कीटनाशक दवा पी ली।

बैठक | रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक, जनप्रतिनिधियों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

6 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण किया : महाप्रबंधक

जबलपुर, नवभारत। रेलवे के विकास एवं यात्री सुविधाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार, 25 जून को क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 23 वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में जेडआरयूसीसी के 28 सदस्यगणों एवं सांसद के 04 प्रतिनिधि सहित कुल 32 लोंगो ने हिस्सा लिया।

इन सदस्यों में जबलपुर से आशीष कुमार शुक्ला एवं अमित बचवानी, कटनी से केशव मोहनानी, भोपाल से कृष्ण मोहन सोनी, निरंजन वाधवानी, मुकेश अवस्थी एवं नितेश लाल, सागर से महेश कुमार साहू, रीवा से कल्पना श्रीवास्तव, प्रकाश चंद शिवनानी एवं संजीव कुमार शुक्ला सांसद के प्रतिनिधिगण भी शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि प्रधानमंत्री के भारतीय रेलवे को आधुनिक एवं विश्वस्तरीय परिवहन प्रणाली के रूप में विकसित करने के विजन के अनुरूप पश्चिम मध्य रेल निरंतर आधारभूत संरचना, सुरक्षा, यात्री सुविधाओं एवं परिचालन दक्षता में सुधार कर रही है। उन्होंने बताया कि पश्चिम मध्य रेल को वर्ष 2025 में ओवरआल दक्षता हेतु गोविंद वल्लभ पंत शील्ड तथा विक्रय प्रबंधन शील्ड से सम्मानित किया गया है। साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के 6 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण किया गया है, 06 स्टेशनों को लोकार्पण हेतु तैयार हैं तथा अन्य स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं।

इनकी रही उपस्थिति

रेलवे की ओर से अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक राजेश कुमार मंडल, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अरविन्द कुमार रजक, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मुकेश, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव, प्रमुख मुख्य इजीनियर आशुतोष, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर एकनाथ मोहकर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम एस हाशमी, सचिव महाप्रबन्धक जे.पी. सिंह एवं अन्य प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने किया उप तहसील का घेराव

जनसमस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

नवभारत,जबलपुर। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण)अध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में 'पोल खोल - हल्ला बोल' आंदोलन के अंतर्गत कांग्रेसियों द्वारा चरगवां उप तहसील कार्यालय का घेराव कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। आंदोलन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब पर तत्काल रोक लगाने, तहसील कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने और क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अवैध शराब के कारोबार से सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है तथा प्रशासन इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल साबित हो रहा है। वहीं तहसील कार्यालयों में आम जनता को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानियों और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष संजय यादव, संतोष डहेरिया, मन्नी बाई, हरि चक्रवर्ती, समलू सिंह मरावी, चतुर सिंह लोधी, परमलाल अहिरवार, कोड़ी लाल राय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सतपुला रेलवे ट्रैक पर मिली लाश, ट्रेन से कटा युवक

नवभारत, जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत सतपुला रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक अधारताल रेलवे स्टेशन पर पदस्थ ट्रैकमेन अभिषेक सिंह परिहार ने सूचना दी कि सतपुला रेलवे ट्रैक की अप लाइन पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए युवक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसके पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लिया है और आसपास के थानों में मृतक का हुलिया भेजकर उसकी शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है।